an>

Title: Issue regarding increasing number of anti-India activities in Kashmir.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) महोदय, वर्तमान में कश्मीर में जो हालात हैं, उससे पूरा देश चिंतित है। जिस प्रकार से मुसर्रत आलम की रिहाई के बाद से वहाँ का माहौल बना है, वह चिन्ताजनक है। घाटी में माहौल को खराब करने की अलगाववादियों की साजिश है। वहाँ जिस प्रकार से पाकिस्तानी झण्डे लहराये गए और भारत के झण्डे को जलाया गया एवं भारत विरोधी तथा पाकिस्तान समर्थक नारे लगाये गये, उसके पीछे गहरी साजिश है। जैसा कि समाचारपत्रों से खबर आ रही है कि मुसर्रत आलम एवं अन्य के खिलाफ अभी तक राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज नहीं किया गया है, यह और भी चिन्ताजनक है। वहाँ पत्थरबाजी के लिए छोटे बच्चों तक को उकसाया जा रहा है।

अस्तु, मेरी सरकार से मांग है कि मुसर्रत आलम, जिनको गिरफ्तार किया गया है, उन पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे घाटी के अमन-चैन को फिर से बिगाड़ने की कोई जुर्रत न कर सके।